दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 139 मुरादाबाद 14 September 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## विरासत के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन संस्कृति की विशेषता, महंत दिग्विजयनाथ के पुण्यतिथि समारोह में बोले CM योगी



सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ की 53 वीं और महंत अवेद्यनाथ की आठवीं पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सृष्टि, प्रकृति, पूर्वजों और विरासत के प्रति कृतज्ञता का भाव सनातन धर्म-संस्कृति की पहली विशेषता है। सनातन हिंदू धर्म संस्कृति में यही कृतज्ञता का भाव हमें निरंतर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी जब लंका में जा रहे थे तब पर्वत ने उनसे प्रश्न किया था कि सनातन धर्म की परिभाषा क्या है, तब उन्होंने जवाब दिया था कि कोई आप पर कृपा करे तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना ही सनातन धर्म का कर्तव्य है। यही इसका पहला लक्षण भी है। हर सनातन धर्मावलंबी इस भाव को ठीक से समझता है। कार्यक्रम में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर बोल रहे सीएम योगी ने कहा कि जीवन चक्र की जड़-चेतन के बेहतर समन्वय से चलता है। यही कारण है कि हमारे सनातन धर्म ने वनस्पतियों, जीव-जंतुओं के महत्व को समान रूप से स्वीकार किया है। वर्ष में दो बार हम नवरात्र के जरिए सृष्टि की आदि शक्ति के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हैं तो वर्ष में एक पक्ष अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता हेतु तर्पण करते हैं। पर्व, त्योहारों के प्रति लगाव भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम है। लोक कल्याण की प्रेरणा देती हैं ब्रह्मलीन महंतद्वय की पुण्य स्मृतियां सीएम योगी ने कहा कि पूर्वजों के प्रति अपनी विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की गोरक्षपीठ की अद्भुत परंपरा है। पितृपक्ष की तृतीया तिथि को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ एवं चतुर्थी तिथि को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। इस अवसर पर महंतद्वय ने धर्म, समाज व राष्ट्र के लिए जिन मूल्यों व आदर्शों के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य व सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को लोक कल्याण से जोड़ा, उन्हें और आगे ले जाने की प्रेरणा भी मिलती है।

## तल्खी के बीच अखिलेश यादव का बड़ा कदम, विधानसभा में शिवपाल सिंह यादव के लिए मांगी आगे की सीट



लखनऊ- समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के बीच बढ़ी तल्खी के बीच में सपा मुखिया ने बड़ा कदम उठाया है। उनका यह कदम डैमेज कंट्रोल के रूप में भी देखा जा रहा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 19 सितंबर से होने जा रहे विधानमंडल के मानसून सत्र में चाचा शिवपाल सिंह यादव के लिए आगे की सीट मांगी है। इटावा के जसवंतनगर से समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव के लिए अखिलेश यादव ने बड़ी पहल की है। अखिलेश यादव ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पत्र लिखकर वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के लिए विधानसभा में अग्रिम पंक्ति की सीट आरक्षित करने का अनुरोध किया है। शिवपाल यादव चाहते हैं कि विधानसभा में उनको बैठने के लिये पहली पंक्ति में जगह मिले। समाजवादी पार्टी ने भी उनकी मांग का समर्थन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष से यह मांग मानने का आग्रह किया है। सियासी संभावनाओं ने काफी तूल पकड़ लिया सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के शिवपाल सिंह यादव के लिए अग्रिम पंक्ति की सीट के लिए मांगने के बाद से ही सियासी संभावनाओं ने काफी तूल पकड़ लिया है। अखिलेश यादव ने विधानसभा में चाचा शिवपाल के लिए आगे की सीट की मांग कर सियासी कवायदों को हवा दे दी है।

### बढ़ती दूरी को कम करने का प्रयास

यह अखिलेश यादव ने अपने और प्रासपा प्रमुख शिवपाल यादव के बीच बढ़ती दूरियों को कम करने की कवायद की है। लम्बे समय से शिवपाल सिंह यादव और अखिलेश यादव के बीच चल रही तल्खी के बीच अचानक ही अखिलेश यादव चाचा शिवपाल पर मेहरबान हो गए हैं।अखिलेश ने विधानसभा में चाचा के लिए आगे की सीट मांगी है। सिर्फ बातों में ही नहीं, बल्कि अखिलेश ने बाकायदा विधानसभा में नेता विरोधी दल की हैसियत से स्पीकर सतीश महाना को पत्र लिख है कि शिवपाल सिंह यादव को प्रथम पंक्ति में सीट दी जाए।

### शिवपाल लगा रहे हैं अनदेखी का आरोप

शिवपाल सिंह यादव ने बीते दिनों लगातार अखिलेश यादव पर पार्टी के पुराने नेताओं की अनदेखी का आरोप लगाया। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव 2022 में समाजवादी पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद शिवपाल सिंह ने अक्सर ही अखिलेश यादव को निशाने पर ले उन्हें अपनी अनदेखी और सम्मान ना देने की बात कही है।

### डैमेज कंट्रोल करने के लिए ऐसा फैसला

राजनितिक विशेषज्ञों का मनना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिहाज से अखिलेश ने चाचा शिवपाल से बनी दूरियों को कम करने और रिश्तों को लेकर डैमेज कंट्रोल करने के लिए ऐसा फैसला लिया। यह भी माना जा रहा है कि चाचा शिवपाल की इज्जत बढ़ाने के लिए भतीजे अखिलेश ने यह बड़ी पहल की है। अब देखना है कि शिवपाल पर इसका क्या असर होता है। इन दिनों जिस तरीके से शिवपाल आये दिन अखिलेश पर निशाना साध रहे हैं, ऐसा नहीं लगता है कि शिवपाल की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिकिया दी जाएगी।

## बंगाल में बवाल: सड़कों पर भाजपा कार्यकर्ताओं का सैलाब, पत्थर बरसे और चलीं लाठियां




पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के खिलाफ सचिवालय चलो का नारा देने वाली भाजपा ने कोलकाता में जोरदार प्रदर्शन किया है। कोलकाता में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ा है और पुलिस ने उन्हें सचिवालय जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर रखी है। इसी का विरोध करते हुए भाजपा के कार्यकर्ता उग्र हो गए और अंत में मामला पत्थरबाजी तक पहुंच गया। बड़ा बाजार थाने में पुलिस की गाड़ी को भी फूंके जाने की खबर है। इसके जवाब में पुलिस को आंसू गैस के गोले और पानी की बौछार छोड़नी पड़ गई। कोलकाता के अलावा भी बंगाल के कई जिलों में भाजपा के कार्यकर्ता जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। ममता सरकार में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भाजपाई सड़कों पर उतरे हैं। यही नहीं हजारों की संख्या में प्रदेश भर से कार्यकर्ता कोलकाता पहुंच रहे हैं। पानागढ़ रेलवे स्टेशन पर 4 भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें आंदोलन करने से रोका जा रहा है। भाजपा के नाबन्ना मार्च के लिए निकलने वाले कार्यकर्ताओं को पुलिस ने एहतियातन हिरासत में लिया है। खुद शुभेंदु अधिकारी पुलिस की हिरासत में हैं, जिन्हें शाम तक पुलिस छोड़ सकती है। पुलिस ने रेलवे स्टेशनों के बाहर भी बैरिकेडिंग कर रखी है ताकि कोलकाता आने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका जा सके। रानीगंज रेलवे स्टेशन के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई है। हावड़ा में भी माहौल उत्तेजक बना हुआ है और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कुछ जगहों पर पत्थरबाजी भी की है। भाजपा नेता अभिजीत दत्ता ने कहा कि पार्टी के 20 नेताओं को दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने रोका है। उन्होंने कहा कि पुलिस हमें रोक रही है, लेकिन हम अलग-अलग रास्तों का इस्तेमाल करते हुए निकल रहे हैं। भाजपा ने प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं को कोलकाता लाने के लिए 7 ट्रेनों की बुकिंग की है। बता दें कि बंगाल पुलिस ने सोमवार की रात से सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर रखी है। हर चेक पोस्ट की सख्ती से जांच की जा री है ताकि पड़ोसी राज्य झारखंड से भाजपा के लोग न आ सकें। टीएमसी का कहना है कि भाजपा ने पैसे देकर लोगों को कोलकाता बुलाया है और व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश हो रही है।

### बंगाल भाजपा बोली- हम लाठियों के आगे भी टिके हैं

इस बीच बंगाल भाजपा ने ट्वीट कर कहा, पुलिस की क्रूरता को नजरअंदाज करते हुए और पानी की बौछारों के बीच भाजपा के कार्यकर्ता कोलकाता की सड़कों पर भ्रष्टाचार के खिवाफ डटे हुए हैं। फिलहाल पुलिस और प्रदर्शनकारियों में से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। पुलिस का दावा है कि उसके कुछ लोगों को पत्थरबाजी से चोट भी लगी है।


# विजयगढ़ क्षेत्र में किसानों के 5 कनेक्शन ट्यूबवेल के काटे गए हैं मुख्यमंत्री जी के आदेश का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह विजयगढ़ क्षेत्र के 5 किसानों के ट्यूबल के कनेक्शन बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने काटे हैं इसमें माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश का खुला उल्लंघन हुआ है मुख्यमंत्री का सीधा आदेश है किसानों के टूबिल का बिल बकाया पर भी कनेक्शन नहीं कटेगा उसके बावजूद भी विजयगढ़ बिजलीघर ने 5 किसानों के कनेक्शन काटे हैं मुख्यमंत्री जी का आदेश का पालन होना चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि विजयगढ़ क्षेत्र में गांव कटरा में सुरेश सतीश पुत्र बाबू सिंह व र ह त मैं राजपाल सिंह का कनेक्शन काटा गया है कुल मिलाकर 5 कनेक्शन काटे गए हैं उसे लेकर किसानों में रोष देखा गया है ग्रामीणों का साफ कहना है मुख्यमंत्री जी का आदेश है बकाया पर भी कनेक्शन किसानों का नहीं कटेगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने विजयगढ़ बिजलीघर को चेतावनी देते हुए कहा है कनेक्शन काटने के नाम पर माननीय मुख्यमंत्री के आदेश का उल्लंघन कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पांचों कनेक्शनों को तत्काल जोड़ा जाए माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश का पालन हो जिन किसानों के ट्यूबल के कनेक्शन काटे गए हैं उनको तत्काल जोड़ा जाए उनका पानी खेत में जाना सुनिश्चित किया जाए और जिन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के आदेश का उल्लंघन किया है उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए बिजली विभाग के मुख्य अभियंता क्षेत्रीय अधिशासी अभियंता क्षेत्रीय एसडीओ से तत्काल किसानों के कनेक्शन जोड़ने के आदेश जारी करें संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए जिन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के आदेश का उल्लंघन किया है

# सफाई कर्मी के ना आने से ग्राम पंचायत में लगा गंदगी का अम्बार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकास खंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनवरिया भोजा में सफाई कर्मी के न आने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जिसमें आने जाने के लिए ग्रामीण मजबूर है नालियां कचरे से भर जाने के कारण काफी गंदगी फैली हुई है ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मी द्वारा कभी सफाई नहीं की जाती है न ग्राम पंचायत में आते हैं नालिया पुरानी होकर टूट गई है इसलिए नदियों का पानी सड़क पर बह रहा ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत में नाली नहीं बनवाई जा रही है कई बार ग्रामीणों ने नाली बनवाने के लिए ग्राम प्रधान से कहा लेकिन अभी तक ग्राम पंचायत में नाली नहीं बनवाई गई और ना लिया काफी पुरानी होकर टूट गई हैं इस संबंध में ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है। जिलाधिकारी श्रावस्ती से ग्रामीणों ने सफाई कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया है

# जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि पात्र लाभार्थियों का परीक्षण न्याय पंचायत वार नामित नोडल अधिकारियों से कराने की कार्यवाही की जाय, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति व्यक्तिगत शौचालय से वंचित न रहने पाए। बैठक में जनपद के फेज-2 अन्तर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य कराये जाने एवं व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु चयनित पात्र लाभार्थियों के खाते में धनराशि प्रेषित किये जाने हेतु चर्चा की गयी।बैठक के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में फेज-2 अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु कुल-1256 का नवीन कैप आवंटित किया गया है। उक्त आवंटित कैप के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन में पात्र ऑफलाइन आवेदन में पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर फीडिंग का कार्य भारत सरकार की वेबसाइट पर शत-प्रतिशत किया जा चुका है। वेबसाइट पर फीड पात्र लाभार्थियों के शौचालय निर्माण हेतु पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त मु0-6000/-रू0 की दर से धनराशि लाभार्थियों के खाते में सीधे प्रेषित किये जाने हेतु समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी।उन्होने यह भी बताया कि ओ0डी0एफ0 प्लस मॉडल ग्राम बनाये जाने हेतु जनपद में वित्तीय वर्ष 2022-23 में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किये जाने हेतु 5000 से अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता पर संतृप्त किये जाने हेतु लिये गये निर्णय के क्रम में शासन स्तर से जनपद के 5000 से अधिक आबादी वाली कुल-31 ग्राम पंचायतों के 33 राजस्व ग्रामों का चयन किया गया है। जिसमें विकास खण्ड-इकौना की ग्राम पंचायत-कटरा, सेमगढ़ा, टण्ड़वा महंथ, परसौरा माफी, मनोहरापुर, इकौना देहात, विकास खण्ड गिलौला की ग्राम पंचायत-गिलौला, फतुहापुर, चन्द्रखा बुजुर्ग, विकास खण्ड-हरिहरपुरानी की ग्राम पंचायत-अमवा, भंगहा, मछरिहवा, परसा डेहरिया, पटना खरगौरा, नौबस्ता, सेमरी चकपिहानी, विकास खण्ड-जमुनहा की ग्राम पंचायत-ददौरा, जमुनहा भवनियापुर, बरगदहा, बेगमपुर, देवरनिया, फतेहपुर बनगई, हरदत्तनगर गिरण्ट, पुरेशहबाज, महरूमुर्तिहा, षिकारी चौड़ा एवं विकास खण्ड-सिरसिया की ग्राम पंचायत-हेमपुर, लक्ष्मनपुर बाजार, मसहा कला, पिपरहवा जोगागांव, सिरसिया एवं सिटकहवा की कार्ययोजना तैयार की गयी है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु निर्धारित मॉडल स्टीमेट के अनुसार चयनित ग्रामों में निर्मित हो रहे व्यक्तिगत/सामुदायिक नाडेप, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग, सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र( डस्टबिन), सामुदायिक एवं संस्थागत प्लास्टिक बैक, कचरा वाहन, (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, (डेझ्स, फावड़ा, तगाड़ी, साबुन/सेनीटाइजर, ग्लप्स, इत्यादि), एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द, (आर0आर0सी0), सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सीनरेटर, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सोकपिट, सिल्ट कैचर (नालियों पर), फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाषयों पर), तालाबों का सौन्दर्यीकरण, वेस्ट इस्ट`बलाइज`शन पॉण्ड( डब्लू0एस0पी), यू-टाइप नाली निर्माण/मरम्मत, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेक्ट्रोफिटिंग/मरम्मत, हैण्डपम्पों पर सोकपिट, सेफ्टिंक टैंकों की सफाई एवं सुरक्षित निपटान तथा मलीय कचरा हेतु ट्रिंचिंग इत्यादि कार्यो का निर्माण कराये जाने हेतु समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी। कराये जाने हेतु समिति द्वारा संस्तुति प्रदान करते हुये यह निर्णय लिया गया कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग सहित कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में उत्पादित सेनेटरी पैड की बिक्री करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, परियोजना निदेशक इंद्रपाल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा राकेश त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 उदयनाथ, जिला समन्वयक राजकुमार त्रिपाठी सहित कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बकाया मानदेय की मांग को लेकर आशा व आशा संगिनी ने दिया धरना

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- सीएचसी अधीक्षक की ओर से 15 दिवस के अन्दर भुगतान कराने के लिखित आश्वासन के बाद धरना स्थगित किया। जनपद श्रावस्ती के क्षेत्र इकौना में तैनात आशा व आशा संगिनी का जनवरी 2022 से मानदेय बकाया है। मानदेय की मांग को लेकर आशा संघ अध्यक्ष उमा मिश्रा ने आठ सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना के अधीक्षक को पत्र दिया था और 11 सितम्बर तक मानदेय भुगतान कराने की मांग की गई थी। लेकिन कार्रवाई न होने पर अध्यक्ष उमा मिश्र की अगुवाई में क्षेत्र की सभी आशा कार्यकत्रियां सीएचसी पहुंची और धरने पर बैठ गई। इस दौरान उनकी ओर से अधीक्षक को ज्ञापन देकर बकाया मानदेय की भुगतान कराने की मांग की गई। उमा मिश्रा ने बताया कि आशा, आशासंगिनी का वर्ष 2021 से कई मदों का भुगतान अभी भी लम्बित है। राज्य सरकार की ओर स 750 रुपये बढ़ाकर 1500 रुपये मानदेय किया गया है। लेकिन जनवरी माह से भुगतान नहीं हुआ है। इसके अलावा संचारी रोग अभियान, पोलियो ड्यूटी, मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग विशेष कोविड-19 सर्विलांस सेर्व के कई ट्रेनिंग, जेएसवाई, पीएमएमवीवाई नसबन्दी लाभार्थी को व आशा को भुगतान नहीं मिला है। कई बार लिखित व मौखिक निवेदन किया गया फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। संघ की ओर से समस्त मदों के बकाये को भुगतान कराने की मांग की गई। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने दो माह का बकाया मानदेय की भुगतान 15 दिनों में कराने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद आशा कार्यकत्रियों की ओर से धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शिक्षक ने छात्र का कलावा तोड़कर की अभद्र टिप्पणी, जेल



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में मंगलवार को एक निजी शिक्षण संस्थान में शिक्षक ने भरी कक्षा में एक छात्र के हाथ में बंधा कलावा तोड़कर फेंक दिया। इस दौरान उसने कलावा को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी। सूचना पर पीड़ित छात्र के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नगर के श्री साईं चिल्ड्रेन एकेडमी में सोमवार को छठी कक्षा का छात्र प्रिंस रोहिला पढ़ाई कर रहा था। इस दौरान कक्षा में पहुंचे शिक्षक सैफ अली ने प्रिंस के हाथ में कलावा बंधा देखा। इसपर उसने कलावा पर अभद्र टिप्पणी करते हुए प्रिंस से तोड़ने को कहा। प्रिंस ने कलावा नहीं तोड़ा तो शिक्षक ने खुद तोड़कर फेंक दिया। आरोप है कि शिक्षक ने कहा कि यह धागा जूतों के फीते में इस्तेमाल किया जाता है। इसे आज से हाथ में नहीं बांधना। प्रिंस ने घर पहुंचकर परिजनों को मामले की जानकारी दी। शिक्षक की करतूत सुनकर आग बबूला हुए प्रिंस के भाई अनिकेत रोहिला समेत परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर शिक्षक के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में तहरीर दे दी। उधर, इसकी सूचना वायरल होते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल से जुड़े तमाम कार्यकर्ता अधिवक्ता साजन शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पहुंच गए। जहां हंगामा करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार शाम को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# ठाकुरद्वारा में विधायक ने छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्ट फोन



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में अहिल्या बाई होल्कर महाविद्यालय अस्लेमपुर में मंगलवार को सपा विधायक नवाब जान और एसडीएम परमानंद सिंह ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्ट फोन बांटे। मंगलवार को अहिल्या बाई होल्कर कालेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी अस्लेमपुर में आयोजित समारोह में स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों स्मार्ट फोन बांटे गए। इस दौरान सपा विधायक नवाब जान खान, एसडीएम परमानन्द सिंह और राजकीय इण्टर कालेज अदलपुर के प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने विद्यार्थियों से स्मार्ट फोन का सदुपयोग करने का आह्वान किया। सपा विधायक ने कहा कि सरकार बच्चों का भविष्य उज्वल बनाने के लिए स्मार्ट फोन बांट रही है। इसका सदुपयोग कर खुद को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर डा. दीनबंधु ने किया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह, अनु कुमारी, पिंकी रानी, साहिबा, रिया चौहान आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बेहतर माईक्रो प्लानिंग करें स्वास्थ्य विभाग-जिलाधिकारी



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के साथ ही नियमित टीकाकरण एवं संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टास्कफोर्स बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने नेशनल हेल्थ मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स, नियमित टीकाकरण, संचारी रोग आदि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहनता पूर्वक बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और अधिक जनोन्मुखी बनाने एवं गुणात्मक सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा0 एन0 कुरेचिया द्वारा कार्यो में गम्भीर लापरवाही एवं उदासीनता वरतने पर ठीक प्रकार से कार्य करने की हिदायत दी है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि डा0 एन0 कुरेचिया के कार्यालय में फींगर प्रिन्ट अटेन्डेंस की सुविधा लागू करने के निर्देश दिये है। आयुष्मान कार्ड में जनपद की 22वीं रैंक होने पर जिलाधिकारी ने और बेहतर प्रयास कर ज्यादा से ज्यादा कार्ड जारी करने के निर्देश दिए हैं। 49 प्रतिशत परिवारों का जनपद में एक भी आयुष्मान कार्ड जारी नही होने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक आशा को प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया जाये। परिवार नियोजन खराब स्थिति होने पर जिलाधिकारी ने डा0 संजीव बेलवाल को कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि कैम्पों का आयोजन कर विशेष रुप से ध्यान दिया जाये। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जन्मजात दोष वाले बच्चों की संख्या कम दिखाये जाने पर जिलाधिकारी ने डा0 प्रवीण को ठीक प्रकार से आंकड़े दुरस्त कर बैठक में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के संबंध में जो भी सूचना दी जाये चिकित्सकों द्वारा उनका संज्ञान लिया जाये तथा ऐसे बच्चों का चिन्हीकरण किया जाये। महिला चिकित्सालय में महिलाओं की नार्मल डिलीवरी ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द के कम होने पर जिलाधिकारी ने महिला चिकित्सालय की सीएमएस को नार्मल डिलीवरी में कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने चिकित्सा केन्द्रों पर उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए प्रसव इकाईयों पर तैनात कर्मियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ठीक प्रकार से कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्सालयों पर दवाओं की उपलब्धता बनाये रखने तथा अपंजीकृत चिकित्सालयों को चिन्हित कर रजिस्टेªशन करने या फिर उन्हें बंद कराने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना में जिलाधिकारी ने और बेहतर कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। बिलारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द प्रसव में जिला अस्पताल से अच्छा रिजल्ट देने पर जिलाधिकारी ने अन्य चिकित्सालयों को भी बिलारी सामुदायिक स्वास्थ्य की तरह बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। एनआरसी में संख्या घटने पर जिलाधिकारी ने बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। आर0सी0एच0 पोर्टल पर परफामेंस रिपोर्ट तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का विवरण ठीक प्रकार से दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शून्य होने पर जिलाधिकारी ने ठीक प्रकार से कार्य कर लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए हैं। वेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा में आंकड़े शून्य होने पर जिलाधिकारी ने आंकड़े दुरस्त करने के निर्देश दिये। एच0बी0एन0सी0 कवरेज में आशा विजिट कम होने पर जिलाधिकारी ने बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि आशाओ द्वारा थर्मामीटर की उपलब्धता एवं उपयोगिता पर ध्यान दिया जाये। सभी आशाओ के पास थर्मामीटर अवश्य हो इसको सुनिश्चित किया जाये। होम वेस्ड न्यू बोर्न केयर में जनपद की प्रगति 15 प्रतिशत होने तथा कई ब्लाकों का एवरेज जनपद स्तर से कम होने पर जिलाधिकारी ने बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने मंत्रा एप्लीकेशन ऐप पर अपडेशन खराब होने पर ठीक करने के निर्देश दिए हैं तथा आयुष्मान कार्ड में जनपद पीछे न रहें इस पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। उपचारित लाभार्थी संख्या में अमरोहा एवं बिजनौर से मुरादाबाद की स्थिति खराब होने पर जिलाधिकारी ने बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी द्वारा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं डेटा अपलोडिंग के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कम्युनिटी प्रोसेस के अर्न्तगत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों के गुणवत्तापरक संचालन तथा स्वास्थ कार्यक्रमों के सुदृढीकरण हेतु एम्बूलेंस सेवाओं, एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्ता मानकों के अनुरुप संचालित करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मातृ स्वास्थ एवं बाल स्वास्थ कर्यक्रम सहित परिवार नियोजन, टीकाकरण एवं विभिन्न राजकीय स्वास्थ कार्यक्रमों के जनोन्मुखी क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए। अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, डीएनसी, डब्ल्यूएचओ, कोरपीसीआई के डा0 जावेद, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीपीएम रघुवीर सिंह, वीसीसीएम, यूएनडीपी व जेएसआई के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Will India add Hindu protest?

The purpose of Congress' 'Bharat Jodo' Yatra can be anything. It can be based on contemporary, problematic, community, social, economic and national issues. Congress high command leader Rahul Gandhi has interacted with farmers, laborers, students-youth, women etc. Tried to connect them with the resolutions of Congress. It is natural to do politics on travel. There should be no objection to that, but when Rahul Gandhi met a controversial, convicted and jailed pastor and heard his explanation on God, religion, then the objection is to those interpretations. Pastor George Ponaiah may consider Jesus Christ as 'the only God' on the basis of his spiritual faith, but cannot disprove Indian and Sanatan culture and ancient beliefs. According to the constitution, that is a crime. Our culture, civilization and spirituality are ancient and human. The incarnations in our culture are the real Brahman. Of course it is natural to perform human-like pastimes in human form. Indian and Hindu culture and civilization is the only one where 'woman' is also present in divine power. She is a symbol of 'Shakti' and 'Bhagwati'. Rather the 'woman' has been given the first place.““For example- Siyaram, Radheshyam, Laxminarayan and parents etc. Rahul Gandhi has also been masquerading as 'Hindu' or especially 'Shiv-bhakt' during elections. More or less they would have some knowledge of the existence of gods and goddesses, Shakti or God and their miracles in Hindu culture! In the rest of the other cultures and civilizations, God has been conceived only in the 'Purusha'. The question is whether the purpose of the Congress is something else and the Congressmen go astray and reach a disputed rate. Then whatever spiritual explanation is given to him, he asks like a curious person - 'Is this the case? Is this right? And how can Rahul Gandhi and all concerned Congressmen tolerate such remarks? Will India unite with the help of such comments? Is this the purpose of Congress's visit? What will the Congress get politically from such anti-Hindu interpretations? Divine Gods like Rama, Krishna, Shiva, Vishnu, Brahma, Ganesha, Parvati, Kali Mata etc. are 'adorable' of billions of Hindus and eternal believers. How can their faith and belief be broken? And how can a priest call it false and baseless? Where did the pastor get such scholarship and knowledge? He had even used abusive words for the Prime Minister, Home Minister and DMK leader of the country. He was considered a criminal, so the priest was sent to jail. When he made a public apology, the sentence was reduced and he was released from prison. the religious discourses of Congress, then it can definitely create cracks of caste and religion in the country. Huh. Congress is serving old facts or counting the figures of inflation, unemployment, poverty, but Rahul Gandhi should be reminded that he has been treating poverty as just a 'mood'. He does not consider India as a 'nation' only, he gave such a speech in the Parliament itself. However, barring all these points, this pastoral episode is very delicate. Congress cannot pretend to travel to play with these sensibilities. No person can be allowed to play with Indian culture and faith.

# Akshay Kumar's ad is promoting dowry system, know why there is a ruckus on Twitter?

Recently, Union Transport Minister Nitin Gadkari has also shared an ad based on road safety with his Twitter handle. Bollywood actor Akshay Kumar is seen in this ad video. This advertisement has been issued by the Ministry of Road Transport and Highways of India (MORTH). But this ad shared on social media by Nitin Gadkari is being heavily criticized. This ad is based on road safety. Let us tell you that the government has released a TVC ad with Akshay Kumar to bring awareness among the people about 6 airbags. Sharing this ad with his Twitter handle, Nitin Gadkari wrote - 'Make life safe by traveling in a vehicle with 6 airbags.' Akshay Kumar is in the role of a traffic cop in the TVC ad made on 6 airbags. The ad is showing the farewell of a girl's wedding. In which the girl is crying sitting inside the car gifted by her father. In such a situation, Akshay Kumar comes and he tells his father that there are no 6 airbags in this car. In such a situation, if the daughter does not cry, then what will she laugh? After this the father gifts her a car with 6 airbags and the daughter starts laughing. With the help of a graphic in the middle of the ad, the importance of 6 airbags at the time of the accident has also been explained. What is being shown after all, which is being criticized in this ad of Akshay - now the news is that this has been made to bring awareness. In the video content of the ad, it is being said to promote the practice of dowry. Many veterans and users on social media are strongly criticizing the video content released by MORTH, accusing Nitin Gadkari of promoting dowry system. Since it is shown in the ad, the girl is taking a vehicle with 2 airbags from her maternal home and then Akshay is seen pushing the girl's father to get a vehicle with 6 airbags not two. So critics have assessed this video as dowry pressure on the father of a daughter. No other content found for ad“Regarding this ad of Akshay, critics say that who makes such an ad. Terming the ad as 'problematic', Shiv Sena leader Priyanka Chaturvedi wondered, "Who passes creatives that 'promote the evil and criminal act of dowry'." Aid is. Who Passes Such Creatives? Is the government spending money to promote the safety aspect of the car or promoting the evil and criminal act of dowry through this advertisement? It looks bad that after all, dowry is being officially promoted by the Government of India. , 'This ad completely lost the plot. Is this a wedding depicted in which the bride must carry a car with 6 airbags in her dowry? What is? These government advertisements are so childish and mis-conceived. Couldn't they talk about security any other way? Another user wrote - 'Only in India the government will spend tax payer money to create an ad campaign promoting a punishable crime like dowry'



# Zubin's tweet amid demand for arrest, 'I love the country'



Mumbai – Famous singer Jubin Nautiyal recently got into controversies and there was a demand to arrest him on social media. Many users shared a poster of his upcoming concert, which created a whole lot of ruckus. Users tagged Zubin and started telling him a lot, after which the rumor spread that his US tour has been cancelled. Now the reaction has come from Jubin Nautiyal on this whole matter. He said don't pay heed to rumours. They love their country.

**आवश्यकता है** उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


## राशन घटतौली की शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मंत्री समूह के जनपद भ्रमण के बाद निरीक्षण आख्या के अनुपालन की समीक्षा बैठक सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयुक्त अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ गौरव दयाल ने की। मंत्रीगणों की ओर से जनपद भ्रमण के दौरान जो भी निर्देश दिए गए हैं, उनका अक्षरश अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री के निरीक्षण के उपरांत दिए गए निर्देश के तहत मई से अब तक राशन वितरण के दौरान घटतौली के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई एवं कितनी शिकायतों का निस्तारण किया गया, उसकी स्थिति स्पष्ट की जाए। डोर स्टेप डिलीवरी का जनपद में नियमित संचालन सुनिश्चित करें। लंबित आवेदन और समस्याएं निस्तारण के निर्देश कन्या सुमंगला योजना के तहत लंबित आवेदन पत्रों का सत्यापन सितंबर माह में प्रत्येक दिशा में पूर्ण कराएं, प्रोबेशन अधिकारी द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि कंट्रोल रूम के माध्यम से सामुदायिक शौचालय का शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करें। विद्युत निगम रोस्टर के अनुसार किन स्थानों पर कितनी विद्युत उपलब्ध कराई जा रही है, इसकी स्थिति स्पष्ट की जाए। विद्युत विभाग की ओर से अनुपालन आख्या में ओटीएस स्कीम का लाभ लेने वाले लाभार्थियों एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को स्पष्ट किया जाए। नगर विकास विभाग नियमित रूप से साफ सफाई पर जोर दिया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, एसएसपी उदय शंकर सिंह, सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार बाजपेई, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य नवनीत कुमार, सीएमओ डॉ. यूके त्रिपाठी, एडीएम वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण, कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## किसानों को जैविक खेती के फायदों के बारे में बताया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-ब्लॉक कार्यालय परिसर में किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें एमएलसी सहित कृषि संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती करने के प्रति जागरूक करने साथ विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। किसान मेला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी आशीष यादव कई प्रकार के बीज के पैकेटों का वितरण किया।जैविक खेती के फायदे बताए गए। कृषि विशेषज्ञ सुधीर तोमर ने जैविक खाद बनाने एवं फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों के बारे में बताया। विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर किसानों को जागरूक किया गया। त्रिबल सिंह, अजयवीर सिंह, शिवशंकर शर्मा, वीडीओ शैली गोविल, लेखपाल तेजपाल, प्रधान बौबी यादव, प्रधान संजेश यादव,आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## तालाब में संदिग्ध अवस्था में मिला खुशबू का मिला शव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर के श्यामनगर स्थित तालाब में रितु उर्फ खुशबू ( 28 ) पुत्री निरोत्तम सिंह लोधी निवासी भगीपुर का शव नगर कोतवाली पुलिस ने बरामद किया है बताते हैं कि कल सुबह 4 बजे घर से खुशबू उर्फ रितु गायब थी । कल परिजनों ने खुशबू की गुमशुदगी कोतवाली नगर दर्ज करायी गयी थी । खुशबू ग्रेजुएट थी कुछ समय से खुशबू की मानसिक हालत खराब बताई जा रही थी आज सुबह तालाब से संदिग्ध अवस्था में खुशबू का शव पुलिस ने बरामद किया है । घटना पर पर सीओ सिटी राजकुमार सिंह कोतवाली नगर प्रभारी सुधीर कुमार राघव, गोदाम चौकी प्रभारी बिजय सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर मौजूद पुलिस ने शव का पंचनामा भर भेजा पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस भेजा। रितु उर्फ खुशबू की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो रो रोकर बुरा हाल है । पिता निरोत्तम सिंह रिटायर्ड बैंक कर्मी हैं । बड़ा भाई है जो इस समय विधुत विभाग में नोकरी कर रहा है । हालत कुछ भी हो लोग संदिग्ध मौत ही मान रहे हैं । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों होगा खुलासा ।

## बसों का टोटा,लोकल रूटों पर यात्रियों को परेशानी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-जिले की 20 लाख की आबादी को लाने ले जाने के लिए सिर्फ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के पास मात्र 72 बसें हैं। बसों की कमी के कारण बस स्टैंड पर हमेशा भीड़ लगी रहती है। लगातार शासन को पत्र लिखने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। वर्तमान में एटा डिपो के पास कुल 104 निगम की बसें है। इनमें से 32 बसें ऐसी हैं, जो कि एक वर्ष पहले ही नीलामी की सभी शर्तें पूरी कर चुकी है यानी उन्हें कंडम कहा जा सकता है। चलने योग्य सिर्फ 72 बसें ही शेष बची हैं। इन सभी बसों को लंबे रूट जैसे दिल्ली कानपुर, लखनऊ, फर्रुखाबाद आदि पर संचालित किया जा रहा है। पुरानी बसों में सफर जोखिम भरा है। एटा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश यादव ने बताया कि नीलामी की कई महीने पहले सभी शर्तें पूरी कर चुकी बसों की सूचना क्षेत्रीय प्रबंधक एवं शासन को भेज दी गई है। नीलाम होने वाली बसों के स्थान पर शासन को नई बसों की डिमांड भेज दी है। एआरएम ने बताया कि लोकल रूट की 32 बसें कम होने से मैनपुरी, शिकोहाबाद, गंजडुंडवारा, अमांपुर, अलीगंज, जैथरा आदि रूटों पर डिपो की बसें कम हो गई है। इससे सवारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सवारियों की समस्या को कम करने के लिए लंबे रूट की बसों को ही लोकल रूटों पर टाइम टेबल के अनुसार संचालित कराया जा रहा है। नई बसें मिलने के बाद ही लोकल रूटों पर बसों की संख्या बढ़ सकेगी।

## अटैचमेंट के नाम पर रिश्वत लेने का एबीएसए पर आरोप

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- उत्तर प्रदेशीय शिक्षिक संघ जिलाध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि भदवास प्राथमिक विद्यालय सहायक अध्यापक प्रियंका ने प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें पर अटेचमेंट के पांच हजार रुपये लगाने का आरोप लगाया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को इस आशय का पत्र बीएसए संजय सिंह को सौंपा गया है। जिसमें बताया गया है कि प्राथमिक विद्यालय भदवास की सहायक अध्यापक प्रियंका से अटेचमेंट को पांच हजार रुपये ले लिये। प्रधानाध्यापिका ने कार्यमुक्त न करने पर सहायक अध्यापक पुन एबीएसए से संपर्क किया। सहायक अध्यापक से पुन पांच हजार रुपये की मांग की है। इससे शिक्षिका काफी परेशान है। वह एबीएसए से लगातार उत्पीड़ित हो रही है। संघ जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह में कार्रवई नहीं की गई। तब संघ 19 सितंबर से धरना प्रदर्शन, आंदोलन करने के लिए विवश होगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें एबीएसए निधौलीकलां धर्मराज सरोज पर शिक्षिका से पांच हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र पर तथ्यात्मक जांच करायी जाएगी। जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। संजय सिंह, बीएसए, एटा।

## गैंग एक्ट की घटना में 04 आरोपी को 2-2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 05-05 रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से गैंग एक्ट की घटना में 04 आरोपी को 2-2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 05-05 रुपए के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 12.09.2022को अभियुक्तगण 1. गर्जन उर्फ गजराज पुत्र सोनपाल 2.सुन्दर पुत्र वालकिशन नि0 गण कुंवरपुर नगरिया थाना मलावन एटा 3. शैलेंद्र पुत्र रघुराज 4. मुन्ना उर्फ महेंद्र पुत्र सरदार सिंह निवासी नगला बाबूराम थाना सुनगढ़ी जिला कासगंज संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 144/2001 धारा 2/3 गैंग एक्ट थाना मलावन,एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज गैंगस्टर एक्ट/एडीजे2,एटा द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को 02-02 वर्ष कारावास एवं ?5-5हज़ार अर्थदंड से दंडित किया गया।


ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# गौठानों में माह में 30 क्विंटल से कम गोबर खरीदी होने पर संबंधित पंचायत सचिव एवं आरएइओ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

■ गिरदावरी कार्य में प्रगति लाते हुए 30 सितंबर तक पूर्ण करें
■ राशन कार्डो में आधार सीडिंग के कार्यो में लाएं तेजी
■ कार्य योजना बनाकर शत प्रतिशत कराएं कोविड टीकाकरण






ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जनसमस्याओं एवं जनशिकायतों के निराकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विभागवार समीक्षा की। उन्होने गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, उठाव एवं भुगतान की जनपदवार जानकारी ली तथा महीने में 30 क्विंटल से कम गोबर खरीदी होने पर संबंधित पंचायतों के सचिवों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने कृषि, वन, उद्यान सहित अन्य विभागों द्वारा वर्मी कम्पोस्ट का उठाव एवं राशि भुगतान के निर्देश के साथ ही गौठानों में आर्थिक गतिविधियों के तहत बकरी, मुर्गी, बतख, मछली, मशरूम उत्पादन आदि कार्यो के लिए स्व सहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं के तहत संसाधन उपलब्ध कराने को कहा। कलेक्टर ने खरीफ विपरण वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों के तहत किसान पंजीयन तथा गिरदावरी सत्यापन के कार्यों में तेजी लाते हुए 30 सितंबर तक गिरदावरी का कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होने राशन कार्डो में आधार सीडिंग के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूलों, छात्रावासों-आश्रमों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के उपयोग हेतु जिले के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित खाद्य समाग्री एवं दैनिक उपयोग के समान आचार, पापड़, मशाला, दाल, सब्जी, तेल, साबुन, फिनाईल, झाड़ू आदि क्रय करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए। इन संस्थाओं में सामग्री आपूर्ति के लिए जिले के 781 समूहों का चयन किया गया है। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को भी शासकीय कार्यालयों के लिए स्टेशनरी एवं अपने घरेलू उपयोग के लिए सी-मार्ट से सामग्री क्रय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती के लिए भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद ( एसएससीआई ) नई दिल्ली द्वारा सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज अनुपपुर के सहयोग से 14 सितंबर को गौरेला, 15 सितम्बर को पेंड्रा, 16 सितंबर को मरवाही एवं 17 सितम्बर को पुलिस लाइन गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में शारीरिक मापदंड लिया जाएगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होने जनपद पंचायत गौरेला, पेंड्रा एवं मरवाही के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर पंचायत गौरेला एवं पेंड्रा के मुख्य नगर पंचायत अधिकारियो को मुनादी कराकर अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को शिविर में भाग लेने और इस अवसर का लाभ उठाने युवाओं को प्रेरित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने सभी पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में कोविड टीकाकरण का विशेष अभियान 'टीका त्योहार' के तहत कार्य योजना बनाकर सभी लक्षित हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं बूस्टर डोज का शतप्रतिशत टीका लगवाने के निर्देश दिए। उन्होने पुलिस पेट्रोल पंप के लिए अमरपुर पुलिस लाईन के पास भूमि आबंटन हेतु एनओसी जारी करने, नवीन राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार हेतु निर्धारित 9 थीमों पर ऑनलाइन पोर्टल में प्रश्नोंत्तरी भरने, शासकीय कार्यालयों द्वारा लंबित बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति में भर्ती मापदंड़ का पालन करते हुए पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, संयुक्त कलेक्टर श्री विरेंद्र सिंह एवं श्री आनंदरूप तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री पुष्पेंद्र शर्मा एवं श्री देवसिंह उईके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शासन द्वारा स्वीकृत पेन्ड्रा बायपास मार्ग का शीघ्र निर्माण प्रारंभ एवं 6 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन दिया



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे जिला जीपीएम के पदाधिकारियो का प्रतिनिधि मन्डल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को सौंपा.6 सूत्री ज्ञापन में शासन द्वारा स्वीकृत पेन्ड्रा बायपास मार्ग का शीघ्र निर्माण प्रारंभ करने की मांग के अलावा मुख्यमंत्री महोदय की घोषणा अनुसार पेन्ड्रा तथा गौरेला नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने एवं मरवाही को नगर पंचायत बनाने तथा उद्यानिकी महाविद्यालय प्रारम्भ करने की मांग का उल्लेख है.इसके अलावा सभी विभागों के जिला स्तरीय कार्यालय अभी नए जिले में प्रारंभ नहीं है उन्हे अविलंब प्रारंभ करने की मांग तथा पिछले 20 वर्षो से पेन्ड्रारोड में स्थित सी एस ई बी के प्रोजेक्ट डिवीजन आफ़िस को मुन्गेली स्थानान्तरित न कर पेन्ड्रारोड में यथावत रखने की मांग भी शामिल है.।

प्रतिनिधि मन्डल ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम का कार्यालय जिले में शीघ्र स्थापना के साथ ही रेत खदानो को शीघ्र चालू करने की मांग का ज्ञापन भी कलेक्टर को सौपा.ज्ञापन सौंपने वालो मे प्रमुख प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रामनिवास तिवारी,जिलाध्यक्ष ग्रामीण श्री रामशंकर राय,जिलाध्यक्ष शहर श्री अशोक नगाईच,वरिष्ठ नेता श्री ओमप्रकाश जायसवाल,विधायक प्रतिनिधि गणेश जायसवाल एवं निर्माण जायसवाल,मरवाही ब्लॉक अध्यक्ष विनय चौबे,नगर अध्यक्षगण उमेश अग्रवाल गौरेला,संतोष साहू पेन्ड्रा,आर ए शर्मा, छात्र नेता आयुश पान्डे,रिजवान अंसारी शामिल रहे.।

# राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपत राय बोले- अयोध्या में एक महीने चलेगा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान



अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर दिसम्बर 2023 में बनने के बाद 14/15 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण होंगे। वैदिक आचार्य गण शुभ मुहूर्त निर्धारित करेंगे। इस निर्धारित मुहूर्त पर भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू होगा। ट्रस्ट महासचिव ने यह भी बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान को पूर्ण होने में करीब एक माह का समय लगेगा। पुन्ः अनुष्ठान की पूर्णाहुति रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से होगी। इसलिए यह कहना कि मकर संक्रांति पर रामलला की प्रतिष्ठा हो जाएगी, जल्दबाजी होगी।रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक के बाद मंदिर निर्माण समिति की भी बैठक हुई। मंदिर निर्माण समिति की बैठक के बाद ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने दावा किया कि दिसंबर 2023 के अंत तक राम मंदिर का गर्भगृह ही नहीं बल्कि भूतल का पश्चिम से पूरब तक सम्पूर्ण निर्माण हो जाएगा। राम मंदिर के परकोटे में प्रस्तावित छह मंदिरों की ऊंचाई भी तय कर ली गई है।उन्होंने कहा कि यह दावा उन एजेंसियों के आत्मविश्वास के आधार पर किया जा रहा है, जो कि निर्माण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण से पहले एजेंसियों से इस बात की तस्दीक की जाती है कि वह अधिकतम कितने घंटे कितने श्रमिकों के जरिए कितना काम पूरा कर सकते हैं।यह भी सम्बन्धित काम के लिए जरुरी संसाधन और मैटेरियल है अथवा नहीं है। इतना ही नहीं मैटेरियल की आपूर्ति के बाद उसकी स्थापना पर भी जानकारी ली जाती है। इन एजेंसियों के भरोसे और बीते दो साल से चल रहे काम की गति को ध्यान में रखकर ट्रस्ट को यह भरोसा है कि निर्धारित समय से पहले काम हो जाएगा।

## रेलिंग धातु से बने या पाषाण खंड से, इस पर हो रहा मंथन

ट्रस्ट महासचिव का कहना है कि राम मंदिर का परकोटा एक किमी. की परिधि में होगा। इस परकोटे में भगवान राम के जीवन से महत्वपूर्ण पात्रों यथा महर्षि वाल्मीकि, निषादराज, जटायु राज, माता शबरी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र एवं अगस्त ऋषि के मंदिर का निर्माण प्रस्तावित किया गया है।इन मंदिरों के शिखर की ऊंचाई का निर्धारण कर दिया गया है क्योंकि मूल मंदिर के शिखर से इनकी ऊंचाई कम होगी।

उन्होंने बताया कि इस बात पर मंथन हो रहा है कि मंदिर की रेलिंग धातु की हो अथवा पाषाण खंड की। उन्होंने बताया कि धातुओं का प्रयोग कम से कम करने पर भी विचार हो रहा है। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने की। इस बैठक में जगदगुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, महंत गोविंद देव गिरि, डा. अनिल मिश्र, गोपाल राव, इं. एके मित्तल, एलएण्डटी के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर वीके मेहता, टीईसी के बिनोद शुक्ल व जगदीश आफले मौजूद रहे।